अति-महत्वपूर्ण/समयबद्ध/तत्काल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0-6/सम0सेमे0परी0 मई-2026/ 698 **लखनऊ दिनांकः** 29 **/04/2026**

विषयः वार्षिक परीक्षा मई-2026 में डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के वेरिफिकेशन फॉर्म एवं एडमिट कार्ड निर्गत करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा मई-2026 **दिनांक 04/05/2026** से परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जानी है। डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र/छात्राओं के वेरिफिकेशन फॉर्म एवं एडमिट कार्ड वर्तमान में स्टूडेण्ट लॉगिन पर उपलब्ध करा दिय गये हैं। छात्र/छात्राओं के एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने एवं परीक्षा में सम्मिलित कराने संबंधी निर्देश निम्नवत् हैंः-

1. सभी संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक **दिनांक 02/05/2026 की सांय 05:00 बजे तक** अपनी संस्था में अध्यनरत समस्त छात्र/छात्राओं को शील/संस्था मुहर लगाकर हस्ताक्षर करते हुए एडमिट कार्ड उपलब्ध करायेंगे।
2. संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक की शील एवं हस्ताक्षर के बिना एडमिट कार्ड वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित नही कराया जायेगा।
3. यदि किसी संस्था के छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा गया है, तो उसे किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रह जाए। यदि कोई छात्र/छात्रा परीक्षा में बैठने से वंचित रह जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0-6/सम0सेमे0परी0 मई-2026/ 699-703 **तद्दिनांकः-** 29 **/04/2026**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ/अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0 लखनऊ, महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशक, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।